डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 203 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 09 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया




## मासूम के साथ दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

**सीतामऊ, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र क्षेत्र में दस साल की मासूम के साथ एक युवक द्वारा दरिंदगी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की खबर लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम नाटाराम में दस वर्षीय बालिका के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। दस वर्षीय बालिका खेल रही थी। इसी दौरान गांव का ही विरमलाल पिता नंदलाल ने मासूम बच्ची के साथ दृष्कृत्य किया। इसके बाद चाकू दिखाकर डराया धमकाया। किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी।बच्ची ने अपने परिजनों को इस बारे में बताया। परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी पास ही खेत पर किसी अन्य के यहां काम करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 65(2), 351(3) बीएनएस 2023 और 5 एम/6 पाक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शराब बंदी के बाद और बढ़ा खेल...

### मछलियों के साथ मगरमच्छ भी आ रहे पकड़ में, 75 करोड़ का मार्जिन निकालने के लिए भरसक प्रयास

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** धार्मिक नगरी मानते हुए मंदसौर में शराब बंदी दो कर दी गई। लेकिन, शराब बिकना बंद नहीं हुई। अवैध रूप से आसानी से शराब मिल रही है। इसका प्रमाण है पुलिस की कार्रवाई। चिल्लर मतलब छोटी मोटी कार्रवाई के साथ बड़ी कार्रवाई भी लगातार जारी है। एक दिन पहले कोतवाली पुलिस ने छह जगह कार्रवाई कर कहीं 12 तो कहीं 15 क्वाटर जब्त किए। मतलब गली मोहल्लों में वैध-अवैध शराब सप्लाय हो रही है। इधर बड़ी कार्रवाई की बात करें तो कुछ दिनों पहले वायडी नगर पुलिस ने 150 पेटी शराब पकड़ी थी। इसके बाद गुरुवार को शामगढ़ पुलिस ने कार से 30 पेटी शराब जब्त की। इसका गणित यह है कि शराब ठेकेदार 75 करोड़ रूपए का मार्जिन निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

दरअसल जिले में पहले 96 शराब की दुकाने थे। जो शराब ठेकेदारों ने 168 करोड़ रुपए में ली थी। इस वित्तीय वर्ष में 11 दुकानें बंद कर दी गई है। क्योंकि, मंदसौर शहर पवित्र शहर घोषित कर दिया गया। जिसके बाद शहर की दुकानों से मिलने वाले राजस्व को आबकारी विभाग ने अन्य दुकानों पर समाहित कर दिया। जिसके चलते जिले की 85 दुकानें 252 करोड़ रुपए अर्थात 51 फीसदी की बढोतरी के साथ शराब ठेकेदारों ने ली। विभागीय अधिकारियों की माने तो प्रदेश में सबसे मंहगी दुकाने मंदसौर जिले की है।

**बंद शराब दुकानों के आसपास बिक रही शराब...**

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शराब बंदी के बाद शराब दुकानें तो बंद हो गई। लेकिन, अवैध रूप से आसपास शराब के रिटेलर शराब बेच रहे हैं। इसके अलावा आसानी से जगह-जगह शराब उपलब्ध हो रही है। एक दिन पहले कोतवाली पुलिस ने अग्नेश पिता मनोज पंवार निवासी हजारी मार्ग को 14 क्वार्टर देशी प्लेन ओर आठ क्वार्टर लाल देशी शराब के साथ नेहरु बस स्टैंड पुरानी कलाली के पास से पकड़ा। शुक्ला चौक पुरानी कलाली के पास से आकाश पिता दिनेश राठौर निवासी खानपुरा को 13 देशी क्वार्टर के साथ पकड़ा गया। खानपुरा से देवेंद्र पिता नंदकिशोर चौहान निवासी खानपुरा को 15 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा गया। कालाखेत पुरानी कलाली के पास से श्यामसुंदर पिता सोहनलाल माली निवासी खिलचीपुरा को 18 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा गया। रामटेकरी से पियूष पिता मुकेश माली को 15 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस तरह की कार्रवाई रोजाना हो रही है। मतलब साफ है कि पुरानी कलाली के आसपास और अन्य जगहों पर शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है।

**कई बन गए नये ठेकेदार...**

शहर में शराबबंदी की खबर के साथ ही दलौदा और जग्गाखेड़ी शराब ठेकेदारो के साथ कई अन्य लोग जुड़ गए। कुछ लोगो ने अन्य दुकानो के ठेकेदारो से सांठगांठ कर ली। वे अब खुद को ठेकेदार बताने लगे है। यही कारण है कि ऐसे लोगो के गुर्गे हर गली मोहल्ले में शराब बेचते मिल रहे है। यह शराब पार्टनरशीप की दुकानो से यहां लाई जा रही है। बता दें कि पहले शहर में कुल 11 दुकानो पर ही शराब मिलती थी। लेकिन, अब शहर की हर गली में यहां तक प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास भी एक फोन कॉल पर शराब उपलब्ध है।




**शहर में 11 दुकानों पर बिकती थी 75 करोड़ की शराब...**

शहर में 11 दुकानें 55 करोड़ रुपए की थी। जिसमें करीब 70 से 75 करोड़ रुपए की शराब बिकती थी। शहर की शराब की दुकानें बंद हो गई। ऐसे में 75 करोड़ रुपए का वैक्यूम हो गया। इस वैक्यूम में अब शराब माफिया अवैध शराब बेचकर अवैध कमाई करना चाहते है। पुलिस ने 01 अप्रेल से लेकर 11 अप्रेल तक अवैध शराब पर कार्रवाई भी की है। जिसमें अवैध शराब बेचने से लेकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब शहर में लाने वालों को पकड़ा भी है।

# पठानकोट में पाकिस्तानी फाइटर जेट मार गिराया

### यात्रियों को तीन घंटे पहले एयरपोर्ट आने की सलाह

**नईदिल्ली, 08 मई।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया है। गुरुवार रात को पाकिस्तान ने ड्रोन हमले की कोशिश की। जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। भारत ने आठ मिसाइलों को मार गिराया।

एयर इंडिया ने कहा कि यात्री सुचारू चेक-इन और बोर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले अपने संबंधित हवाई अड्डों पर पहुंचें। प्रस्थान से 75 मिनट पहले चेक-इन बंद हो जाता है। अकासा एयर ने भी यात्रियों के लिए सलाह जारी की है। ट्वीट में कहा गया है कि भारत भर के सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों में वृद्धि के कारण हम यात्रियों से अनुरोध करते हैं कि आप प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें, ताकि एक सहज चेक-इन और बोर्डिंग हो सके। यात्री हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए वैध सरकार द्वारा अनुमोदित फोटो पहचान दस्तावेज साथ लेकर चलें। आपके चेक-इन बैगेज के अलावा केवल सात किलोग्राम तक वजन वाले एक हैंडबैग की अनुमति होगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार सभी यात्रियों को बोर्डिंग से पहले द्वितीयक सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

**अमित शाह ने बीएसएफ के महानिदेशक से की बात**–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशकों से बात करके सीमा की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट सुरक्षा के संबंध में सीआईएसएफ के महानिदेशक से भी बात की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों को निशाना बनाया गया। स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुरूप क्षमताओं का उपयोग करके खतरों को तेजी से बेअसर कर दिया गया। किसी के हताहत होने या भौतिक नुकसान की सूचना नहीं मिली। भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत की सीमा में लड़ाकू विमान के साथ घुसे पाकिस्तान के एक पायलट को सेना ने कब्जे में लिया।

**एस जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से की बात**–विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से एंटोनियो ताजानी से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया पर चर्चा की। किसी भी वृद्धि पर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

**सभी एयरपोर्ट पर अलर्ट, यात्रियों की होगी दोहरी जांच**–नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश भर के सभी एयरलाइनों और हवाई अड्डों को सुरक्षा उपाय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी हवाई अड्डों पर सभी यात्रियों की सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेकिंग (एसएलपीसी) की जाएगी। टर्मिनल बिल्डिंग में आगंतुकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तदनुसार एयर मार्शल की तैनाती की जाएगी।



## ऑनलाइन ट्रेडिंग से सट्टा खिलाने वाले को पुलिस ने दबोचा

**रतलाम, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध रूप से एमसीएक्स का सट्टा करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी अन्य लोगों के साथ मिल कर ऑनलाइन एमसीएक्स का सट्टा कर रहा था। मामले में पुलिस को 10 ओर आरोपियों की तलाश है।

रतलाम पुलिस कप्तान अमित कुमार ने बताया माणकचौक थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रामगढ़ क्षेत्र में ब्राह्मणों की गली स्थित मकान क्रमांक 22 में दबिश दी। मकान के अंदर एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल व कम्प्यूटर के माध्यम से अवैध रूप से एमसीएक्स की ट्रेडिंग की जा रही थी। छापेमार कार्रवाई के दौरान रवि पिता ओमप्रकाश भारती निवासी रामगढ रतलाम को कम्प्यूटर व मोबाइल से एलईओ एप के जरिए एमसीएक्स का सट्टा करते हुए पकड़ा। इसके पास से सट्टे में उपयोग की जा रही सामग्री समेत करोड़ो रुपए के हिसाब-किताब की एक नोटबुक भी मिली है। जिसे बरामद कर लिया गया।

आरोपी के पास से तीन की पैड मोबाइल, एक टैबलेट, एक एंड्रायड मोबाइल, एक असेंबल डेस्कटॉप कम्प्यूटर सभी कुल कीमत करीब 1 लाख रुपए का जब्त किया। एसपी के अनुसार आरोपी के साथ रतलाम के अलावा बाहर राज्यों के भी लोग जुडे है। पुलिस की जांच के आधार पर सुयश राठौर (इंदौर), दीपेश जैन (रतलाम), अक्षय बैरागी (इंदौर), राहुल सोनी (रतलाम), विशाल जायसवाल (रतलाम), आशीष (रतलाम), संजय सोनी (इंदौर), स्वर्ण सकलेचा (इंदौर), राहुल (प्रतापगढ़) और पवन (जोधपुर, राजस्थान) के नाम सामने आए है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ भी धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस इन सबकी तलाश कर रही है।

## फोरलेन पर टूटकर गिरा बिजली तार, पौन घंटे तक लगा जाम

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** फोरलेन पर बही टोल नाके के पास बिजली का तार टूटने से दोनों ओर पौन घंटे तक जाम लग गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे करीब बही टोल नाके के पास यह घटना हुई। झूलता बिजली का तार अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कोई हादसा नही हुआ। लेकिन तार टूटने के बाद दोनों मार्ग पर वाहनों के पहिए थम गए। करीब पौन घंटे तक दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। बाद विद्युत आपूर्ति बंद कर पौने नौ बजे करीब तार को सड़क से हटाकर साइड में किया तब यातायात चालू हो पाया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बही फन्टे पर बाइक (एमपी 44 एमएल 8717) पर सवार उमरिया निवासी रामेश्वर मोगिया टर्न ले रहे थे, इसी दौरान मंदसौर की ओर से तेज गति से आ रहे कार (जीजे 27 ईएफ 9867) के ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जिससे रामेश्वर को पैर, हाथ व सिर में चोंटे आई। घायल को एम्बूलेंस से मदसौर भर्ती कराया। राजू मोगिया की रिपोर्ट पर पिपलियामंडी पुलिस ने कार ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# भैसोदा में चार दर्जन से ज्यादा जुआरी पकड़ाए, एक लाख रुपए से ज्यादा जप्त

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाना क्षेत्र के भैसोदामंडी में पुलिस ने जुएं के अड्डे पर छापा मार कर चार दर्जन से ज्यादा जुआरियों को पकडा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस इस मामलें में विस्तार से जानकारी देने से बचती रहीं। बताया जा रहा है कि मौके पर बड़ा जुआं चल रहा था। जिसमें करीब साठ लोग शामिल थे। संख्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार्रवाही के बाद जुआरियों को थाने तक लाने के लिए भानपुरा थाने से बस मौके पर भेजी गई। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश-राजस्थान की सीमा से सटे भैसोदा मंडी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाहीं की और जुए के अड्डे पर छापामार कर जुआरियों को हिरासत में लिया है। भानपुरा टीआई रमेंशचन्द्र दांगी ने बताया कि कार्रवाही जारी है, प्रारंभिक तौर पर करीब चालीस जुआंरियों को पकड़कर एक लाख रूपऐ से अधिक राशि जप्त की गई है। समाचार लिखे जाने तक कागजी कार्रवाई जारी थी।



**पुलिस की सक्रियता पर सवाल...**

पुलिस भले ही इतना बाड़ी जुए कई फड पकड़कर सफलता के लिए अपनी पीठ थपथपाए। लेकिन, असल में इतने बड़े पैमाने पर चल रहे जुए के गब्बे ने पुलिस की सक्रियता पर ही सवाल उठा दिए है। क्योंकि, कोई भी जुआं अड्डा एक दिन में इतना बडा नहीं हो सकता कि वहां इतनी बड़ी संख्या में जुआरी जुआ खेल सके। यही नहीं कार्रवाही के बाद भी घंटों तक इस मामलें में कोई भी जानकारी देने से बचती रही। सूत्र बताते है कि मौके पर करीब साठ लोग मौजूद थे। लेकिन, पुलिस कार्रवाही तक चालीस हीं पहुंचे। जिससे पुलिस की कार्रवाही पर भी सवाल उठ रहे है।

**गरोठ पुलिस ने पकड़ा...**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जुए की फड़ की सूचना गरोठ पुलिस को मिली थी। जिसके बाद गरोठ पुलिस ने कार्यवाही की। जुआरियो की संख्या ज्यादा होने पर भानपुरा पुलिस को सूचित कर यात्री बस बुलवाई। जिसमे सवार जुआरी 60 से कम होते होते 40 के करीब पहुंच गई?



## अवैध साठिया बस्ती के बीच स्थित गोदाम से अनाज चोरी

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कालाखेत में स्थित अवैध साठिया बस्ती के बीच बने एक अनाज गोदाम में बदमाशो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक अनाज के गोदाम का ताला तोड़कर चोर यहां से अनाज चोरी कर ले गए। सुबह इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में पुलिस जांच चल रही है।

## बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नईदिल्ली, 08 मई।** जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले की जांच कर रही ईडी ने पिछले साल अगस्त में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इस मामले में राष्ट्रपति ने मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीसी की धारा 197(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है।


## बाइक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। मल्हारगढ़ निवासी फैजल पिता फारुख मेव ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं बाइक से सर्विस रोड़ पर जा रहा था। गब्बर ढ़ाबे के यहां पीछे से बाइक लेकर आ रहे विजयसिंह पिता संग्रामसिंह राजपूत ने टक्कर मार दी। जिससे मेरे पैर की हड्डी टूट गई। मंदसौर में इलाज कराया। शिकायत के बाद पुलिस ने विजयसिंह पर केस दर्ज किया।

# युवक का शव फन्दे पर लटका मिला

### हत्या का आरोप, शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम, एसडीओपी व लोगों की समझाइश के बाद खोला जाम





**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को अयोध्या बस्ती में युवक का शव फन्दे पर लटका मिलने के मामले में समाजजनों व परिजनों ने शव को सड़क रखकर ढ़ाई घंटे तक प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि युवक की हत्या हुई है, इसमें दोषी युवती व उसके परिजनों को गिरफ्तार किया जाए व उनका मकान तोड़ा जाए। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सामाजिक कार्यकर्ता हरिप्रसाद गेहलोत ने जाम में परेशान हो रहे वाहन चालकों को अन्यत्र मार्ग से निकलने का रास्ता बताकर निकलवाया।

**यह था मामला:–** जानकारी के अनुसार अयोध्या बस्ती में 88 क्वार्टर के पास बुधवार शाम 5.30 बजे करीब दशरथ (22) पिता मोहनलाल नायक का शव स्वयं के घर में ही फन्दे पर लटका मिला था। आपको बता दे कि युवक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी, जिसकी पत्नी भी वर्तमान में पीहर में थी। बुधवार शाम शव फन्दे पर लटका मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके जाकर शव नीचे उतरवाया था व शव को पीएम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

**सुबह शव को लेकर सड़क पर बैठे:–**गुरुवार को सुबह परिजनों व समाजजनों ने युवक का अंतिम संस्कार नही किया और शव को लेकर कृषि मंडी स्थित राजीव गांधी उद्यान के निकट पहुंचे। मनासा मार्ग पर सरदार पटेल प्रतिमा के पास शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर टीआई विक्रमसिंह इवने, चौकी प्रभारी धर्मेश यादव मौके पहुंचे व आक्रोशित परिजनों को समझाइश दी, लेकिन वे नही माने।

**हत्या हुई है मकान तोड़ा जाए:–** विरोध कर रहे परिजनों व समाजजनों का आरोप था कि दशरथ ने आत्महत्या नही की है। दशरथ की हत्या हुई है, उसकी हत्या की जिम्मेदार युवती व उसके परिजनों को गिरफ्तार किया जाए व मौके पर लाया जाए। उनका मकान को तोड़ा जाए। और उन्हें गिरफ्तार कर मौके पर लाया जाए।

**तीन माह पूर्व भी हुई थी मारपीट:–**युवक के भाई का कहना था कि तीन माह पूर्व भी युवती के परिजनों ने मेरे भाई के साथ मारपीट की थी, जिसकी वीडियो प्रस्तुत कर पुलिस चौकी में शिकायत की थी, इसको लेकर अधिकारियों को भी अवगत कराया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। पुलिस अगर कार्रवाई करती तो यह घटना नही होती।

**एसडीएम व एसडीओपी ने दी समझाइश:–**टीआई विक्रमसिंह इवने व चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने युवक की मौत के जिम्मेदार सभी आरोपियों पर सख्त कारवाई का आश्वासन दिया, लेकिन वे नही माने। बाद में एसडीएम रविन्द्र परमार व एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी भी मौके पहुंचे। लेकिन मृतक के परिजन मांग पर बड़े रहे। एसडीओपी ने कहा कि न्यायालय की गाइडलाइन है, मकान नही तोड़ा जा सकता है। एसडीओपी ने आश्वासन दिया कि युवक की मौत के जिम्मेदार सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। एसडीओपी के साथ ही स्थानीय लोगों की समझाइश के बाद 10.30 बजे जाम खोला गया।

**आरोपियों की तलाश जारी है:–** चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों ने जिस युवती पर आरोप लगाए है उसकी तथा उसके परिजनों की तलाश जारी है। दो दिन बाद मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर आरोपियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# टैंकर की टक्कर से महिला की मौत, पोते को दे गई नई जिंदगी



**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के बुगलिया गांव में गुरुवार दोपहर एक महिला को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। 52 वर्षीय महिला अपने घर के बाहर पोते के साथ खड़ी थी, तभी तेज रफ्तार टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पहले महिला ने पोते को धक्का देकर उसकी जान बचा ली। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर टैंकर जब्त कर लिया है। मृतका की पहचान मुन्नी जाट उम्र 52 वर्ष के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुन्नी जाट अपने दो वर्षीय पोते के साथ घर के बाहर खड़ी थी। तभी मंदसौर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित हो गया और महिला को कुचलता हुआ निकल गया।

**महिला ने आखिरी सेकेंड में पोते की जान बचाई–** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टैंकर को अपनी ओर आते देख घटना के चंद सेकेंड पहले ही महिला ने अपने पोते को दूर फेंक दिया, नहीं तो दादी के साथ पोता भी हादसे का शिकार हो जाता। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने टैंकर को रुकवाकर ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण महिला के शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली से बड़े अस्पताल भेजा गया।

## शासकीय कॉलेज की बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु राशि स्वीकृत

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल जल्द बनेगी। निर्माण के लिए क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रयासों से उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने एक करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा ने बताया उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कनघट्टी मार्ग 2017-18 में महाविद्यालय भवन तैयार होने के बाद 2022 में समीप ही रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर एक ओर भवन का निर्माण करवाया। लेकिन राशि के अभाव में इसकी बाउंड्रीवाल का कार्य अधर में लटक था। देवड़ा के प्रयासों से यह भी स्वीकृत हो गई है। देवरिया व सोनगरा ने बताया बाउंड्रीवाल बनने से कॉलेज परिसर में मवेशी व अन्य जानवर विचरण नहीं कर सकेंगे। वहीं यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित माहौल मिलेगा। इसके अलावा कॉलेज की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।





# मंदसौर के साथ-साथ गांवों के नागरिक भी जुटे शिवना शुद्धिकरण अभियान में

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र मंदसौर के जागरूक व लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन के शिवना शुद्धिकरण के अभियान दिन पे दिन तेज होता जा रहा है मंदसौर के साथ आसपास गांवों से भी अब नागरिक शिवना के जल को साफ करने में जूट गये है। समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के साथ ही आम नागरिक इस अभियान से जुड़कर श्रमदान कर शिवना मैया के प्रति अपनी जवाबदेही निभा रहा है। आठवें दिन भी बड़ी संख्या में नागरिक श्रमदान करने पहुंचे। श्रमदानियों ने छोटी पुलिया के आसपास की जलकुंभी को पुरी तरह साफ कर दिया। तथा नदी से गाद निकालने का काम भी जारी है। गुरुवार को नदी से 8 ट्राली गाद व जलकुंभी बाहर निकाली गई।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण नगर के पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिये महत्वपूर्ण है। नदी साफ होगी तो प्रदूषण पर नियंत्रण होगा, पानी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। शिवना शुद्धिकरण अभियान में जनसमुदाय की भागीदारी आवश्यक है। आपने सभी से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर शिवना शुद्धिकरण में सहभागिता करे। गुरूवार को शिवना शुद्धिकरण में विधायक विपिन जैन, रेवास देवड़ा गांव से आये युवा टीम के राजेन्द्र कुमावत, जुगल साहू, मनोज कुमावत, भरत साहू, गांव बनी से आये वरदीचंद गायरी, श्यामलाल धनगर, नानालाल धनगर, भेरूलाल माली, विष्णु धनगर, चेतन टेलर, विक्रम धनोरा, दीपक टेलर, गांव धमनार से आये बद्रीलाल धाकड़, मुकेश धाकड़, सोहनलाल धाकड़, जवासिया से आये विनोद शर्मा, कांग्रेसजन राजेश रघुवंशी, मनजीतसिंह टूटेजा, डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, तरूण खीची, राजनारायण लाड़, संजय सोनी, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, दिलीप देवड़ा, संजय नाहर, , रमेश सिंगार, अम्बालाल हिंगोरिया, सलीम खान, रमेश ब्रिजवानी, कचरमल जटिया, अजय सोनी, गणपत कुमावत, चन्द्रशेखर अहिरवार, काईद जोहर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, योगेन्द्र गौड़, शैलेन्द्र गोस्वामी, राजेश चौधरी, मोहनपुरी गोस्वामी, शिवशंकर सौलंकी, सादीक गौरी, महेश गुप्ता, दीपक लाड़, ऋषिराज लाड़, लक्ष्मीनारायण कोठारी, सत्यनारायण भूरिया, श्याम साल्वी, प्रहलाद मालवीय, कैलाश कुमावत, सुखदेव कुमावत, रविन्द्र कुमावत, राजू सोहिल, रवि विनायका, राकेश सेन, पंकज रैकवार, मनीष मीणा, रामेश्वर धनगर, चेनसिंह सिसौदिया, भंवरलाल माली, विजय आनन्द, निलेश माली, महिला नेत्री इष्ठ भाचावत, रफत पयामी, सोनाली जैन, अनिता भदोरिया, रीना बसेर, योगिता बैरागी, प्रर्मिला पंवार, वर्षा दोसरिया, गीताली पोरवाल, दीपाली पोरवाल, समाजसेवी मनीष भावसार एवीएस, आस्था भावसार, सुधांशु भावसार, रामचन्द्र मालवीय रिटायर्ड टीआई, सत्येन्द्रसिंह सोम, हरिशंकर शर्मा, राजू सतीदासानी, घनश्याम भावसार, महेश दुबे, रमेश सोनी ने श्रमदान में भाग लिया।

# अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स दिवस पर प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स दिवस केउपलक्ष्य में 7 मई को सायं 5 बजे से पी.जी. कॉलेज खेल मैदान पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा ने बताया प्रतियोगिता का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग और पी.एम. श्री पी.जी. कॉलेज, मन्दसौर के संयुक्त तत्वावधान जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा, पी.जी. कॉलेज क्रीड़ाधिकारी श्री राजू कुमार के दिशानिर्देशानुसार किया गया।

श्री भटेवरा ने बताया बारिश और बहुत दिनों से बड़ा पांडाल लगा होने कारण ग्राउंड बहुत ज्यादा खराब होने के बावजूद खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 800मी. दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान हँसा बथमी, द्वितीय स्थान रविना कंवर, तृतीय स्थान कृष्णा सोनी, पुरूष वर्ग प्रथम स्थान पीयूष मीणा, द्वितीय स्थान लोकेश खटीक, तृतीय स्थान अभिषेक सिंह, 1500मी. दौड़ महिला वर्ग प्रथम स्थान नीमा सूर्यवंशी, द्वितीय स्थान ज्योति मालवीय, तृतीय स्थान कुमकुम सोलंकी, पुरूष वर्ग प्रथम स्थान गोविंद सिंह, द्वितीय स्थान दुर्गेश लक्ष्कार, तृतीय स्थान वीरेंद्र सिंह, गोला फेंक महिला वर्ग प्रथम स्थान राजनंदनी शर्मा, द्वितीय स्थान खुशबू बथमी, तृतीय स्थान सुहानी पलाश, लम्बी कूद पुरूष वर्ग प्रथम स्थान कुलदीप सिंह, द्वितीय स्थान पिंकेश, तृतीय स्थान हार्दिक रायका, 4 गुना 400 मी. दौड़ मिक्स रिले दौड़ (2 महिला 2 पुरूष) में प्रथम स्थान खेल विभाग एथलेटिक्स अकादमी-1, द्वितीय स्थान खेल विभाग एथलेटिक्स अकादमी -2, तृतीय स्थान कपिल फिजिकल अकादमी रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को देर शांम प्रतियोगिता समापन पर जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा द्वारा मैडल पहना कर सम्मानित किया गया, प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा, श्री हेमंत ग्वाला, श्री राहुल सूरा, श्रीआजाद सिंह सोलंकी और सीनियर खिलाड़ियों द्वारा किया गया।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने कार्यभार संभाला

**नीमच, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय नीमच में नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने नीमच में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे रतलाम से नीमच पदस्थ हुई है। नीमच में पदस्थ रहे कार्यक्रम अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा का स्थानांतरण शासन द्वारा उज्जैन कर दिया गया है।



## शाउमावि आंतरी का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठरहा

**मनासा, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10 वी और 12 वी के परीक्षा परिणाम में शा उ मा वि आंतरी का सत्र 2024-25 का कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय में दर्ज 28 में से 22 छात्र प्रथम श्रेणी में व 6 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए कक्षा में प्रथम स्थान कन्हैयालाल-मांगीलाल द्वितीय स्थान बेबी कुंवर -सज्जन सिंह, तृतीय स्थान रविराज सिंह जुझार सिंह ने प्राप्त किया साथ ही कक्षा 12 वी का गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100%, कला संकाय का 94%, जीव विज्ञान का 90% रहा कक्षा 12 में प्रथम स्थान आंचल कुंवर-नागुसिंह (गणित संकाय), द्वितीय स्थान वंदना कुंवर-नरेन्द्र सिंह (गणित संकाय), तृतीय स्थान नर्मदा -सुनील (कला संकाय) ने प्राप्त किया। आज दि 08/05/2025 को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई कार्यक्रम का संचालन श्री एम एस चंद्रावत द्वारा किया गया। संकुल प्राचार्य श्री युवराज चंदेल एवं स्टाफ सदस्य श्री बी आर राठौर श्री एम एस चंद्रावत, श्री नरेन्द्र कुमार भट्ट, श्री किरण कुमार राइ कुंवर श्री जमनालाल मोदी, श्री रवीन्द्र आर्य एवं कार्यालय सहायक श्री महेश कुमार व्यास द्वारा छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया एवं सभी के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## आदर्श ग्राम की कल्पना तभी साकार होगी, जब हर व्यक्ति अपने गांव को आदर्श बनाने में जुटेगा-नागर

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने आदर्श ग्राम मेनपुरिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मैनपुरिया एवं नवांकुर संस्था द्वारा जन सूचना केंद्र/ वाचनालय एवं संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, वरिष्ठ प्रचारक रविप्रसाद बुंदेला, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, सरपंच चम्पा उकार माली विशेष उपस्थित थे। जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर चौपाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद श्री मोहन नागर ने कहा कि आदर्श ग्राम की कल्पना तभी साकार होगी, जब हर व्यक्ति अपने गांव को आदर्श बनाने में जुटेगा। आज के समय में कर्म योग से व्यक्ति दूर होता जा रहा है, जिससे ज्ञान योग का महत्व भी कम होता जा रहा है। श्रम के प्रति सम्मान बढ़ेगा तभी श्रम कर रहै लोगों के प्रति आदर का भाव उत्पन्न होगा। पहले गांव में पानी की समस्या



नहीं रहती थी, लेकिन अब पानी की समस्याएं बढ़ने लग गई है। धन और अन्न को लेकर जहां गांव सक्षम हो रहे हैं, वहीं पानी को लेकर गांव अब गरीब होते जा रहे है। सरकार जल संवर्धन अभियान को लेकर गांव-गांव में वर्षा के पानी को भूमि में रोकने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन यह प्रयास तभी सार्थक होगा जब तक आमजन भी इसमें तन मन से सहयोग करेगा। इस अवसर पर प्रचारक रविप्रसाद बुंदेला ने कहा कि भारत वसुदेव कुटुंबकम को मानता है, पुरे देश को अपना परिवार मानता है। भाजपा जिलाअध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की जल गंगा संवर्धन अभियान में केवल शासन ही नहीं हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम वर्षा जल को एकत्रित करें और धरती को अधिक से अधिक जल पहुंचाएं। ग्राम चौपाल का संचालन सरपंच प्रतिनिधि उकारलाल माली ने किया। कलश यात्रा में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष, पंचायत के सहायक सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## रानू को सुयश

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या हाईसेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत 12 वीं की छात्रा निर्मला (रानू) पिता जगदीश गुर्जर, निवासी खेरखेड़ा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गुरुदेव के जन्मोत्सव पर होगा सेवा कार्यक्रमों का आयोजन

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष यह आयोजन तीन दिवसीय होने जा रहा है, जिसमें सेवा के विभिन्न आयामों को शामिल किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के जिला समन्वयक सुरेंद्र संघवी ने बताया कि 11 मई रविवार को प्रात: 6 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो बीपीएल चौराहा से प्रारंभ होगी जो प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: बीपीएल चौराहा पर समापन होगा। तत्पश्चात शिवना शुद्धिकरण अभियान में संस्था द्वारा सहभागिता की जाएगी। इसी दिन वृद्धाश्रम एवं अनामिका आश्रम में सायं 5 बजे से स्वल्पाहार वितरण एवं मंत्रोच्चार का आयोजन होगा। 12 मई सोमवार को गौ सेवा हेतु बीपीएल चौराहा से नवलखा बीड़ प्रात: 9 बजे प्रस्थान किया जाएगा। तदोपरांत दोप. 1 बजे नाहटा चौराहा के पास स्टेशन रोड पर ठंडाई वितरित की जाएगी। 13 मई मंगलवार को प्रात: 6 बजे संस्था साधकों के लिए साधना और महा सुदर्शन क्रिया एवं गुरुपूजा का आयोजन आंनदम रिसोर्ट में किया गया है, साधना पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रेल्वे स्टेशन पर दोपहर 1 बजे से



आर्ट ऑफ़ लिविंग की ओर से जल सेवा की जाएगी। रात्रि 8 बजे से आनंदम रिसोर्ट, कलेक्ट्रेट रोड मंदसौर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग के विश्वप्रसिद्ध सुमधुर भजनों से सज्जित महासत्संग का आयोजन होगा, सत्संग पश्चात प्रसादी स्वरूप सहभोज का आयोजन है। संस्था के श्री खुमानसिंह चुंडावत, हरीश रायवाल, योगेंद्र शर्मा, शीनू शर्मा, कमलेश कोठारी, दिलीप परमार ने शहर के सभी धर्मप्रेमी महानुभावों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता नरेंद्र धनोतिया द्वारा दी गई।

## एडीएम द्वारा म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम में जप्त ट्रक एवं 16 नग गौवंश राजसात

**नीमच, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मीश गामड़ द्वारा पुलिस थाना जावद के अपराध क्रमांक 85/2025 म.प्र.गौवंश वध प्रतिशेध वध अधिनियम 2004 एवं धारा म.प्र.कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम म.प्र. पशु क्रुरता अधिनियम में जप्त2शुदा अशोक लिलेण्डड ट्रक वाहन क्र.पी.बी. 13बी.टी.8621 एवं कुल 16 नग गौवंश शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया है।

## श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने में जुटा मप्र जन अभियान परिषद

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा बनाए गए आदर्श ग्राम मैनपुरिया में आज प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद श्री मोहन नागर द्वारा मेनपुरिया तालाब पर श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेनपुरिया के सभी युवाजनों ने प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर के साथ श्रमदान किया। सरपंच श्री चंपा उकारलाल माली ने श्रमदान कर तालाब की विशेषताएं बताई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, परामर्शदाता भी उपस्थित थे। श्रमदान के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सामाजिक प्रेरणा देने वाला गीत भी गाया। इस अवसर पर जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी, विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, अर्चना भट्ट, लेखापाल अर्चना रामावत, डाटा एन ट्री ऑपरेटर दशरथ नायक, राजमल प्रजापति उपस्थित थे।

# देश को एकात्मकता के सूत्र में बांधने का काम किया आदि गुरू शंकराचार्यजी ने

**मप्र जनअभियान परिषद ने किया आदि गुरु शंकराचार्यजी की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन**

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** मात्र 7 वर्ष की आयु में जिन्होंने चार वेद, उपनिषद, गीता का अध्ययन कर लिया, ऐसे आदि गुरु शंकराचार्यजी की 1236 वीं जयंती मना रहे हैं। धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने एक नागा साधुओं की फोज खड़ी करने का काम किया है। चार मठो की स्थापना आदि गुरु शंकराचार्यजी द्वारा की गई है। उक्त विचार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्यजी की जयंती पर आयोजित व्याख्यान माला में उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनजी नागर ने व्यक्त किये। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि आज के युग में आदि गुरु शंकराचार्यजी के बारे में नई पीढ़ी नहीं जानती हैं, लेकिन हमारे सनातन धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने जो कार्य किया है, उसे हमें नहीं भूलना



चाहिए। आदि गुरु शंकराचार्यजी ने पूरे देश को एकात्मकता के सूत्र में बांधने का काम किया है। माता की आज्ञा से उन्होंने संन्यास जरूर लिया था, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने माता-पिता की सेवा की है। आदि गुरु शंकराचार्यजी ने मंत्रो की रचना कर नर्मदा के उग्र रूप को शांत किया था। आज भी मंत्रो में बहुत ताकत होती है। उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने आज के परिपेक्ष्य में भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहे हैं तनाव को लेकर कहा कि भारत को अगर कोई छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं।

व्याख्यान माला मे वरिष्ठ प्रचारक रविप्रसाद बुंदेला ने कहा कि मध्यप्रदेश जअभियान परिषद निरंतर आदि गुरु शंकराचार्यजी की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन कर रहा है। जो नई पीढ़ी को एक दिशा देने का काम कर रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य जी ने 12 वर्ष की आयु में ही सन्यास ग्रहण कर लिया था, उन्होंने देश को एकता के सूत्र मे पिरोने का काम किया है। उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित व्याख्यान माला मे मंच पर नीमच जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह, मंदसौर जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी एवं विश्वेश्वरी भट्ट मंच पर उपस्थित थे। विश्वेश्वरी भट्ट द्वारा सुंदर रामायण का वाचन किया गया, जिनको सभी श्रोताओं में खूब सहारा। व्याख्यान माला का शुभारंभ आदि गुरु शंकराचार्यजी एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। स्वागत उदबोधन जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने दिया। संचालन परामर्शदाता रूपदेव सिंह सिसोदिया ने किया। अंत में आभार सीतामऊ विकासखंड नारायणसिंह निनामा ने माना। जिला समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट, लेखापाल अर्चना रामावत, डाटा एन्?ट्री ऑपरेटर दशरथ नायक, राजमल प्रजापति एवं जिले के सभी परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी हरिओम गंधर्व ने दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में उज्जैन में हुई ट्रांसपोर्ट व्यवसायी कपिल गर्ग की मृत्यु

**पीड़ित परिवार ने मंदसौर पुलिस कप्तान से की निष्पक्ष जांच की मांग**

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट व्यवसायी श्री कपिल गर्ग की हाल ही में उज्जैन में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। यह घटना पूरे नगर के व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक और संदेह का विषय बन गई है।

आज पीड़ित परिवार ने मंदसौर के पुलिस अधीक्षक महोदय से मुलाकात कर इस मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और गहन जांच की गुहार लगाई। परिवार का मानना है कि कपिल गर्ग की मृत्यु सामान्य नहीं है, और इसमें किसी षड्यंत्र या आपराधिक साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परिवार द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य मांगें की गई हैं कि



मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए मामला संदिग्ध है कपिल घटना दिनांक को अपनी पत्नी को वीडियो कॉल कर जान का खतरा होना बताया था। मृतक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, लोकेशन ट्रैकिंग, तथा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज को तत्काल खंगाला जाए। कपिल गर्ग एक अच्छा तैराक था उसके डूबने से मृत्यु होना संदेह है। कपिल गर्ग को दोस्तों उज्जैन ले गए तथा वहां संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु होने के बाद दोस्तों का बिना किसी को बताया घर आ जाना षड्यंत्र होना प्रतीत होता है। इस दौरान पीड़ित परिवार के समाजजन रिश्तेदारों नगर वासी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी और सचाई सामने लाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 10 | 2021 | 2180 |
| उडद | 13 | 5600 | 6350 |
| सोयाबीन | 2871 | 3500 | 4379 |
| गैहु | 7500 | 2420 | 2822 |
| चना | 286 | 5216 | 5653 |
| मसुर | 88 | 5800 | 6346 |
| धनिया | 123 | 5880 | 6999 |
| लहसुन | 16000 | 3300 | 9611 |
| मैथी | 622 | 3700 | 5760 |
| मुंगफली | 323 | 4500 | 5171 |
| अलसी | 817 | 6581 | 7400 |
| सरसो | 182 | 5600 | 5970 |
| तारामीरा | 3 | 5299 | 5299 |
| इसबगोल | 100 | 7160 | 11731 |
| प्याज | 1433 | 300 | 1271 |
| कलोंजी | 23 | 18100 | 20551 |
| तुलसी बीज | 5 | 12401 | 13400 |
| डॉलर | 34 | 6460 | 8821 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 20 | 4091 | 4450 |
| असालीया | 6 | 6060 | 6925 |
| चियाबीज | 102 | 10680 | 14581 |

## श्वान शिरो के लिए विदेश से लौटे डा. दंपति, घर पहुंचने से पहले ही टूट गया साथ

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** इंसान और जानवर के रिश्ते को नई परिभाषा देने वाली एक मार्मिक घटना सामने आई है। अमेरिका में अपने बच्चों के पास छह माह के प्रवास पर गए मंदसौर निवासी डॉ. अनिल नकुम और उनकी पत्नी प्रतिभा नकुम ने अपने प्रिय श्वान 'शिरो' को एक मित्र के पास छोड़कर गए थे। परंतु नियति ने कुछ और ही तय कर रखा था। विदेश जाने के डेढ़ महीने बाद ही शिरो अपने मालिकों की जुदाई नहीं सह सका और तीन चार दिन से खाना पीना छोड़



दिया था। जब यह बात अमेरिका में रह रहे डॉ. दंपति को पता चली, तो उन्होंने बिना देर किए भारत लौटने का निर्णय लिया। वे तत्काल फ्लाइट बुक कर मंदसौर के लिए रवाना हो गए। लेकिन दुखद यह रहा कि जिस शिरो के लिए उन्होंने हजारों मील का सफर तय किया, वह उन्हें देखने से पहले ही इस दुनिया से विदा हो गया। घर पहुंचने से कुछ घंटे पहले ही शिरो ने अंतिम सांस ली। डॉ दंपत्ति ने उसका अंतिम संस्कार मंदसौर के मुक्ति धाम के समीप किया गया शिरो की अंतिम यात्रा में आस पड़ोस के लोग भी सम्मिलित हुवे है। डॉ. दंपति द्वारा से शिरो की ग्यारवीं की रस्म आज अदा की गई जिसमें क्षेत्र के श्वान और गायों ग्रास कराया गया। जहां आज के दौर में कई बच्चे माता-पिता के निधन पर भी विदेश से लौटने में संकोच करते हैं, वहीं डॉ. दंपति ने अपने श्वान के लिए वह संवेदना दिखाई जो आज के समय में विरले ही देखने को मिलती है। यह घटना न सिर्फ शिरो की वफादारी की मिसाल है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि प्रेम और अपनापन केवल इंसानों तक सीमित नहीं होता जानवर भी परिवार का हिस्सा होते हैं।

# सभी राजस्व अधिकारी शासकीय देव स्थानों की जमीन का सर्वे कर सूची प्रस्तुत करें-चंद्रा

**रास्ता विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का 31 मई के पूर्व मौके पर निराकरण करें, बैठक में दिए निर्देश**

**नीमच, 08 मई गुरु एक्सप्रेस। जिले के सभी राजस्व अधिकारी रास्ता विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का मौके पर निराकरण कर, रास्ते खुलवाएं। रास्तों पर अतिक्रमण के प्रकरणों का निराकरण कर मौके पर रास्ता उपलब्ध करवाएं। यह कार्य 31 मई 2025 के पहले कर लिया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए।**

बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, श्रीमती किरण आंजना, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव,



सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सभी शासकीय, देव स्थानों की जमीनों को संरक्षित करने के लिए देव स्थानों की जमीनों का सर्वे करवाकर, रिर्पोट प्रस्तुत करें। जिसमें देव स्थान का नाम, गांव, देव स्थान के नाम किस गांव में कितनी जमीन है, उन पर यदि अतिक्रमण है, तो उसकी जानकारी एवं पुजारी नियुक्त है अथवा नहीं। इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध करवाएं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को उनके क्षेत्र में दर्ज वक्फ संपत्तियों का मौका सत्यापन कर, निर्धारित प्रारूप में रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शासकीय जमीनों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा, कि सभी राजस्व अधिकारी शामिलात खाते दर्ज शासकीय जमीनों के नक्शा तरमीम का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं। उन्होने सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं विवादित नामांतरण बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने खसरा ई-केवायसी कार्य की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि प्रत्येक पटवारी को प्रतिमाह 200-200 शेष ई-केवायसी करने का लक्ष्यं प्रदान कर प्रति सप्ताह एसडीएम एवं तहसीलदार ईकेवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और लक्ष्य के अनुरूप ईकेवायसी कार्य करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने आरसीएसएम में दर्ज राजस्वे प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आदेशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व विभाग की सीएम हेल्प लाईन शिकायतों का तत्परतापूर्वक निराकरण करवाने के निर्देश दिए।

## मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के चार कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटौत्रा किया गया-सीईओ

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत की आज 7 मई को वित्तीय वर्ष 2024-25 लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति एवं 2025-26 लक्ष्य निर्धारण हेतु समस्त जिला एवं विकासखण्ड स्तर के मिशनकर्मियों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। श्री मो. नदीम युवा सलाहकार जिला मंदसौर, श्री संदीप ओहरिया सहा. विकासखण्ड प्रबंधक विकासखण्ड मंदसौर, श्री मायाराम सोलंकी सहा. विकासखण्ड प्रबंधक मल्हारगढ़, श्री ज्ञानप्रकार बारिया सहा. विकासखण्ड प्रबंधक विकासखण्ड गरोठ द्वारा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना कार्य दिवस पर अनुपस्थित रहे। कार्य दिवस पर बिना पूर्व सूचना अनुमति के अनुपस्थित होने के कारण इनके माह मई 2025 के वेतन से 01 दिवस का वेतन कटोत्रा किया जाता है।



## सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल जिला होमगार्ड लाइन में सम्पन्न

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला होमगार्ड लाइन में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देशानुसार होमगार्डलाइन में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मॉक ड्रिल के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला अतिरिक्त पुलिस श्री अधीक्षक गौतम सोलंकी, जिला होमगार्ड कमांडेंट श्री धर्मराज वर्मा, सिविल डिफेंस जिलाधिकारी कैप्टन डॉ. विजय सिंह पुरावत, उप जिला अधिकारी लेफ्टीनेंट जितेंद्र कनौजिया, सब डिविजनल अधिकारी राकेश श्रीवास्तव, लोकेंद्र कुमार सामेरिया के नेतृत्व में मंदसौर, मल्हारगढ़, दलोदा, सीतामऊ, सुवासरा, गरोठ, शामगढ़, भानपुरा, तहसील के 70 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य की जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) अलर्ट पर ध्यान देना सायरन, हूटर या अनाउंसमेंट सुनते ही सतर्क हो जाएँ, अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल आधिकारिक निर्देशों का पालन करें। तैयारियों को परखना जैसे कि बमबारी या मिसाइल हमले की स्थिति में जनता को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने की प्रक्रिया, आपातकालीन सेवाओं का परीक्षण जैसे अस्पतालों की तैयारी, रक्तदान, घायलों की त्वरित चिकित्सा व्यवस्था, आपूर्ति शृंखला बनाए रखना आदि। जनता को अलर्ट और ट्रेनिंग देना जैसे सायरन बजने पर क्या करना है, बंकरों या शेल्टरों में कैसे पहुँचना है, संचार माध्यमों से सही सूचना कैसे लेना है आदि। सैन्य और प्रशासनिक समन्वय का अभ्याससेना, पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के बीच तालमेल को मजबूत करना। आर्थिक और बुनियादी ढाँचे की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षाजैसे कि बिजली, पानी, परिवहन और संचार सुविधाओं को सुरक्षित रखना। ऐसी स्थिति में किस प्रकार प्राथमिक चिकित्सा देना है, सीपीआर कैसे देना है, मॉक ड्रिल में भाग लेने वाले हर व्यक्ति चाहे वह आम नागरिक हो, सरकारी कर्मचारी हो या आपदा प्रबंधन टीम का सदस्य को कुछ विशेष काम करना होते हैं ताकि वास्तविक आपदा या हमले की स्थिति में सब कुछ सुचारू रूप से हो सके। इन सभी बात पर चर्चा करके वॉलिंटियर्स को प्रैक्टिस करवाई गई।

### छत्तीसगढ़ में बड़ा नक्सली हमला...

## आईईडी विस्फोट में तीन जवान शहीद, कई पुलिसकर्मी घायल

**बीजापुर, 08 मई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना में बड़ा नक्सली हमला हुआ है। नक्सलियों ने बारूदी सुरंग (आईईडी) में विस्फोट किया है, जिसमें 3 सीआरपीएफ जवानों के शहीद होने की दुखद खबर है। वहीं कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कर्रेगुट्टा ऑपरेशन के दौरान, जब तेलंगाना पुलिस के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने वाज़ेड इलाके के पास आईडी ब्लास्ट कर दिया। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि जवानों को संभलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसका सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में मुठभेड़ शुरू कर दी है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और सुरक्षाबल नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।




**शहीद जवानों की नहीं हुई पहचान**–विस्फोट और फायरिंग में शहीद हुए जवानों की पहचान सामने नहीं आई है। घायल जवान को इलाज के लिए तत्काल निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इधर घटना के बाद इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

**22 नक्सली ढेर**–छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के बीजापुर जिले के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 22 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने कहा कि अंतर-राज्यीय सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाडि?ों के जंगल में बुधवार की सुबह गोलीबारी हुई। इस कार्रवाई में अब तक 22 से अधिक नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान अभी जारी है। यह कार्रवाई बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक है।

## सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी पर सरकार को कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने का निर्देश

**नई दिल्ली, 08 मई।** देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे।

कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2I7 लाख मामले लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी।



सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने नौ नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था। इसमें से केंद्र ने 170 नामों को मंजूरी दी है। 17 नाम अभी भी सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसके बाद 11 नवंबर 2024 से पांच मई 2025 के बीच हाईकोर्ट जज के लिए 103 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई। इनमें से केवल 51 नामों को मंजूरी दी गई। इनमें से भी 12 नाम केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित हैं। वहीं नौ नवंबर 2022 से पांच मई 2025 तक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया। इसमें से 29 उम्मीदवारों के नाम केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित हैं।

## बायो वेस्ट डी-कंपोजर का उपयोग कर नरवाई प्रबंधन करें

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र केवरिष्ठ वैज्ञानिकद्वारा बताया गया कि वर्तमान में आंधी तूफान के साथ जिले में हल्की बारिश हो रही है। इस समय यदि किसान भाई बायो वेस्ट डी-कंपोजर का 200 लीटर घोल बनाकर के गेहूं के खेतों में खड़ी नरवाई पर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव कर कल्टीवेटर या रोटावेटर के माध्यम से भूमि में मिला मिला देना चाहिए ताकि गेहूं के फसल अवशेष जल्दी से खेत के अंदर ही पक सके है। जिन किसान भाएयों ने बारिश से पहले खेत की जुताई कर ली है वे भी इस बायो वेस्ट डी-कंपोजर घोल का छिड़काव कर सकते है।

**बायो वेस्ट डीकंपोजर गोल को तैयार करने की विधि**–प्लास्टिक के ड्रम में 200 लीटर पानी भरकर के उसमें 2 किलो गुड़ एवं बायोवैस्ट डी-कंपोजर का घोल बनाकर के ड्रम में डाल कर सुबह एवं शाम को हिलाते रहे। इस प्रकार से चार से पाँच दिनों में घोल तैयार हो जाएगा।

## भागवत जहां होती है वह स्थान तीर्थ बन जाता है-नागदा

**नीमच, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री मद्भागवत के उपदेशों को श्रवण करने से मन पवित्र होता है। संसार की हर समस्या के प्रश्नों का उत्तर भागवत कथा के प्रसंगों में मिलता है।जहां भागवत कथा श्रवण होती है वह स्थान पवित्र तीर्थ स्थान बन जाता है। पवित्र भूमि को प्रणाम करने हमारे मन की वृत्तियां भी पवित्र हो जाती है।यह बात भागवत आचार्य पंडित नरेन्द्र देव नागदा ने कही।वे

नीमच जिले के छोटे से ग्राम बिसलवास खुर्द निवासी उमाशंकर श्रीमती कमला नागदा , के पुत्र गुणवंत नागदा मेनारिया के सेवानिवृत्ति कार्यक्रमों की पावन उपलक्ष्य में ग्राम वासियों द्वाराआयोजित श्री मद् भागवत कथा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सचाई के रास्ते पर कठिनाईयां आती है ।संत ब्राह्मण, गुरु के यहां जब जाए तो उनके चरण वंदन करना चाहिए।प्राचिन काल में श्री कृष्ण जन्म का उत्सव ढाई वर्ष तक मनाया गया था। शंकर भगवान ने श्री कृष्ण के बाल स्वरुप के दर्शन किए थे। कंस को वरदान था कि उसकी 11 वर्ष के बालक के हाथों ही मृत्यु प्राप्त होगी। जैसी संगत होती है वैसी रंगत होती है। गुरु और मंदिर में जाए तो खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। कलयुग केवल नाम आधार है। हम जितना भजन करेंगे उतना ही भगवान को करीब प्राप्त करेंगे। माता-पिता की सेवा करने वाला कभी दुखी नहीं रहता है।माता पिता की आज्ञा का पालन करने वाले के जीवन में दु:ख नहीं आते हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने सप्त ऋषियों का आशीर्वाद प्राप्त किया था।और अपने



पुत्र को यमराज से भी वापस ले लिया था। भगवान की महिमा भजन गाने से भगवान प्रसन्न होते हैं। दुष्कर्मियों की बुराई करना चाहिए। सज्ननों के गुण गाना चाहिए। अपने लिए जीता है वह इंसान होता है जो दूसरों के लिए जीता है वह भगवान होता है। श्रीमद्भागवत कथा में पंडित नरेंद्र नागदा ने शुक्देव मुनि, यमुना नदी, तक्षकनाग, मथुरा, गोकुल, श्रीकृष्ण, मीरा, वासुदेव, यशोदा, देवकन्या, कंस, , यमला अर्जुन,जय विजय, बकासुर,अजगर अगासुरवध, मधुमंगल, सुदामा,नंदबाबा, वृन्दावन, गौपालन, बांसुरी, ग्वालपाल, सुर्य, रामअवतार, चन्द्रमा,गोप-गोपियां, सुनंदा,ताड्कावध, सुबाहु वध, कामधेनु गाय, सहस्त्रार्जुन, परशुराम,पुतना राक्षसी वध, कृष्ण बाल माखन लीला आदि धार्मिक विषयों के वर्तमान परिपेक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला।श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण सत्संग चिंतन युटुब पर किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा पोथी पूजन आरती में निम्बाहेडा के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य व भारत विकास परिषद निंबाहेडा के अध्यक्ष मांगीलाल मेनारिया,जल सेवक दशरथ मेनारिया, रमेश चंद्र नागदा घसुंडी, मुरली नागदा कानाखेडा, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागदा, सुगनाबाई नागदा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारत ने पाकिस्तान के डिफेंस मिसाइल-रडार सिस्टम को किया ध्वस्त

**नई दिल्ली, 08 मई।** भारत ने गुरुवार (8 मई) की सुबह पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। इससे पहले बुधवार की देर रात पाकिस्तानी सेना ने 15 भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आज सुबह भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान की कई लोकेशंस पर एयर डिफेंस रडारों और सिस्टम को निशाना बनाया।

भारत ने लाहौर स्थित एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया। इस बीच, पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर फायरिंग कर रहा है। इसमें जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर मोर्टार और गोलीबारी की जा रही है। उधर, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के साथ बातचीत के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि हमारी सेनाओं ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। विदेश मंत्री ने साफ-साफ कहा कि हम पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाना नहीं चाहते हैं। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो यह तय है कि हम उन्हें करारा जवाब देंगे। इस बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी और अजित डोभाल की मीटिंग हो चुकी है। सर्वदलीय बैठक भी हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी चल रहा है। भारत ने 6 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और कश्य में एयर स्ट्राइक की थी। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

## मालाहेड़ा के पंचायत सचिव कैलाश गोस्वामी को सीईओ ने किया निलंबित

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णपव ने ग्राम पंचायत मालाहेडा के सचिव श्री कैलाश गोस्वा मी को समग्र केवाईसी, खाद्य केवायसी, आधार, आर.ओ.आर. केवाईसी, किसान रजिस्ट्रील कार्य, जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत कार्य एवं सीएम हेल्पैलाईन शिकायतों के निराकरण में रूची नहीं लेने, अनाधिकृत रूप से ग्राम पंचायत में अनुपस्थित रहने एवं अपने पदेन कर्तव्यो के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर सचिव श्री कैलाश गोस्वाअमी को निलंबित कर दिया गया है। उनका मुख्यांलय कार्यालय जनपद पंचायत मनासा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त आदेश तत्कांल प्रभावशील होगा। उल्लैखनीय है, कि तीन दिवसीय विशेष केवायसी अभियान में शतप्रतिशत ईकेवायसी करने के लिए ग्राम पंचायत मालाहेडा का लक्ष्य 1797 तय था, परंतु सचिव द्वारा मात्र 3 केवायसी किए गए और अभियान में रूचि नहीं लेते हुए बगैर पूर्व सूचना के ग्राम पंचायत से अनुपस्थित पाए गए। श्री गोस्वामी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी पंचायत से एक भी कार्य का प्रस्ताव नहीं दिया गया।

## हायर एवं हासे स्कूल की द्वितीय परीक्षा 17 जून को

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 मई से फार्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेब साइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।

## रेवास देवड़ा रोड़ पर सर्वसुविधायुक्त शापिंग काम्पलेक्स बनाया जायेगा

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** रेवास देवड़ा रोड़ पर ऋषियानन्द उद्यान के पास, 10 क्वार्टर के बाहर नपा परिषद के द्वारा लगभग 3 करोड़ रू. की लागत से 19 दुकानों का सर्वसुविधायुक्त शापिंग काम्पलेक्स बनाया जाना है। इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु कल गुरूवार को नपा परिषद के द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड नं. 22 के अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती कौशल्या बंधवार के द्वारा इस क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिये यहां शापिंग काम्पलेक्स की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। कल नपा के द्वारा सादगीपूर्ण रूप से आयोजित कार्यक्रम में शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण कार्य शुरू करने हेतु भूमिपूजन किया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, शा.महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, महामंत्री केशरीमल जटिया, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती कौशल्या बंधवार ने शापिंग काम्पलेक्स के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नपा सभापतिगण श्रीमती निर्मला चंदवानी,



निलेश जैन, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, पार्षदगण ईश्वरसिंह चौहान एड., दीपक गाजवा, गरिमा भाटी, गोवर्धन कुमावत, राकेश भावसार, बब्बू पमनानी, राजेश सोनी एरावाला, पूर्व पार्षद बाबा पंचोली, अशोक कर्नावट, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, भाजपा नेता राजू कुमावत, जितेन्द्र कुमावत, विनोद बालानी, यामिनी गाजवा, आशीष नलवाया, गोपाल श्रीवास्तव, विजय परिहार, विजय कुमावत, लेखापाल गौरव नलवाया, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे, उपयंत्री महेश शर्मा, समयपाल पंकज साकी, सफाई दरोग दिलीप लोट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकगण भी उपस्थित थे। क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि विगत दिनों पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर में निहत्थे पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की उसके कारण हमारे देश में आक्रोश है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस आक्रोश को देखते हुए पाकिस्तान से बदला लेने के लिये एयर स्ट्राइक की और आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। हमारे देश की सम्प्रभुता को यदि कोई चेलेंज करेगा तो उसे ऐसा ही जवाब मिलेगा। हमें अपने देश की सेना पर गर्व हैं आपने मंदसौर नगर के विकास पर चर्चा में कहा कि यहां शापिंग काम्पलेक्स की जरूरत थी यहां जो शापिंग काम्पलेक्स बनेगा उससे स्थानीय निवासियों को भी लाभ होगा। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि यहां जो काम्पलेक्स बनेगा वह सर्वसुविधायुक्त होगा। दुकाने बड़ी साईज में होगी ताकि व्यापारी अच्छी तरह व्यापार कर सके। दुकानों की नीलामी से जो आय प्राप्त होगी वह नगर के विकास पर खर्च होगी। नपा का प्रयास है कि दुकानों का निर्माण शीघ्र पूरा हो जाये। भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत ने कहा कि भाजपा की नपा परिषद नगर के सर्वांगीण विकास में लगी है। जनआकांक्षाओं को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य है। शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने कहा कि ऋषियानन्द नगर, इंदिरा नगर, क्षेत्र में शापिंग काम्पलेक्स बनने से यह क्षेत्र और विकसित होगा। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी नरेन्द्र बंधवार ने किया तथा आभार क्षेत्रीय पार्षद व राजस्व समिति सभापति कौशल्या बंधवार ने माना।

### परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

**पिपलियामंडी, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनघट्टी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 79.3 प्रतिशत रहा। जिनमें 23 विद्यार्थी प्रथम, 21 द्वितीय व 2 तृतीय रहे। प्रथम दियंका मुकेश, द्वितीय भावना प्रदीपनाथ व तृतीय मनीषा चेनराम रही। हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम 74.4 प्रतिशत रहा। 17 विद्यार्थी प्रथम, 18 द्वितीय रहे। कक्षा में प्रथम गौरी दिलीपकुमार, द्वितीय सुमित जगदीश व तृतीय कुशालकुंवर वीरेन्द्रसिंह रहे। प्राचार्य सुन्दलाल जाधव ने यह जानकारी दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मेनपुरिया में किया श्रमदान

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** जल एक सीमित और बहुमूल्य संसाधन है जो पृथ्वी पर सभी जीवन को बनाए रखता है। बढ़ती वैश्विक आबादी और मौसम के पैटर्न पर जलवायु परिवर्तन के चल रहे प्रभाव के साथ, पानी की कमी एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है। इस चुनौती के जवाब में, जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरा है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावड़ी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। ईसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना



और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में जागरुक करना प्रमुख लक्ष्य है। जल गंगा सवर्धन अभियान 30 जुन तक चलाया जायेगा। इसी कड़ी में जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम मेनपुरीया में तालाब की सफाई एवं गहरीकरण हेतु ग्रामीणों ने श्रमदान किया। ग्रामीण जनो का सहयोग रहा।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में हुआ ग्राम चौपाल आयोजन

**मंदसौर, 08 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा सर्वधन की गतिविधियां आयोजित हो रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम वासियों के साथ ग्राम चौपाल का आयेजन किया गया।जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित थे। चौपाल में बताया गया कि पानी को कैसे खेत, घर व गाँव से बाहर न जाने दे। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावडी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। ग्राम चौपाल में ग्रामीण जन एवं महिलाएं उपस्थित थी।


**कार्यालय नगर परिषद सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

E-mail-cmosuwasra@mpurban.gov.in, Phone & Fax No.-07426-220756

क्रमांक-1077/2025 सुवासरा, दिनांक-07.05.2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत तैयार हितग्राहियों की सूची के संबंध में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सुवासरा जिला मंदसौर (म.प्र.) अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) अंतर्गत ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का भौतिक सर्वेक्षण/सत्यापन किये जाने उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठालय में प्रेषित किए जाने के पूर्व दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में प्रमाणित साक्ष्य सहित कार्यालय में उपस्थित होकर दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद सुवासरा के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सुवासरा



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.IV-29 जो श्री पन्नालाल छावरिया पिता श्री शिवाजी छावरिया को वर्ष 2001 में आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.08.2002 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था । श्री पन्नालाल छावरिया पिता श्री शिवाजी छावरिया का स्वर्गवास दिनांक 23.11.2022 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती उर्मिला छावरिया पति स्व. श्री पन्नालाल छावरिया अपने दो पुत्रों 1. श्री संदीप छावरिया पिता स्व. श्री पन्नालाल छावरिया 2. श्री नितेश छावरिया पिता स्व.श्री पन्नालाल छावरिया एवं पुत्री श्रीमती प्रीति सिंह पति श्री अजय प्रताप सिंह अपने परिवार की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती उर्मिला छावरिया पति स्व. श्री पन्नालाल छावरिया अपने नाम से करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती उर्मिला छावरिया पति स्व. श्री पन्नालाल छावरिया के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा ।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल मंदसौर (मप्र)



**NAME CHANGE**

I AZIZ S/O MURTUZA HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO AZIZ LOHAWALA S/O MURTUZA HENCEFORTH; I SHALL BE KNOWN AS AZIZ LOHAWALA S/O MURTUZA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS: WARD N 10, SAIFEE MOHLLA TEHSIL ROAD SUWASRA 458888 DISTT - MANDSAUR



**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक– मंदसौर, दिनांक–

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्याम खत्री पिता किशनचंदजी निवासी जमीदार कालोनी रामटेकरी मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा और मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
| --- | --- |
| SHYAM KHATRI<br>KISHAN CHAND JI | SHYAM KUMAR KHATRI<br>KISHAN CHAND KHATRI |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in